VICTERS CLASS - 06/09/21
Xth HINDI
Work sheet with notes
आई एम कलाम के बहाने

1, . 'कलाम' कहाँ का रहनेवाला था ?
उत्तर: 'कलाम' जैसलमेर के किसी सुदूर देहात का निवासी था।

2, 'वह अंग्रेज़ी तो क्या हिंदी भी ठीक से नहीं जानती' यह किसके बारे में बताया गया है ?
उत्तर: 'वह अंग्रेज़ी तो क्या हिंदी भी ठीक से नहीं जानती'- यह 'कलाम' की माँ के संबंध में बताया गया है।

3, 'उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है'- यह किसके बारे में बताया गया है ?
उत्तर: 'उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है'- यह कलाम के बारे में बताया गया है।

4, . 'भाटी सा भी उसकी कलाकारी की वाहवाही करते नहीं थकते इससे आप क्या समझते हैं ?
उत्तर: 'भाटी सा भी उसकी कलाकारी की वाहवाही करते नहीं थकते'- इसका मतलब है कलाम के
काम करने की विशेष क्षमता (उदाः अच्छी चाय बनाने की क्षमता) की बड़ी तारीफ़ भाटी सा करते थे।

5, कलाम लूसी मैडम का दिल कैसे जीत लेता है ?
उत्तर: कलाम सीखने में तेज़ है। वह विदेशी पर्यटकों की भाषाएँ जल्दी सीख जाता है और विदेश से आई लूसी मैडम का भी दिल जीत लेता है।

6, लूसी मैडम कलाम को क्या वादा करती है ?
उत्तर: लूसी मैडम कलाम को वादा करती है कि वे उसे अपने साथ दिल्ली लेकर जाएँगी।

7, . भाषण देने के लिए कहे जाने पर रणविजय क्यों परेशान हो जाता है ?
उत्तर: भाषण देने के लिए कहे जाने पर रणविजय परेशान हो जाता है क्योंकि उसकी हिंदी अच्छी
नहीं थी।

8, भाषण प्रतियोगिता में रणविजय को प्रथम पुरस्कार कैसे प्राप्त होता है ?
उत्तर: कलाम रणविजय के लिए एक अच्छा भाषण तैयार कर देता है। उसे प्रस्तुत करने से रणविजय को भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होता है।

9, . राणा सा के कारिंदों को कलाम के घर तलाशी लेने से क्या मिल जाता है ?
उत्तर: कलाम के घर तलाशी लेने पर राणा सा के कारिंदों को रणविजय की चीजें मिल जाती है।

10, कलाम पर क्यों चोरी का आरोप लगाया जाता है ?

उत्तर: कलाम के घर की तलाशी लेने पर राणा सा के कारिंदों को रणविजय की चीजें मिल जाती हैं। इसलिए कलाम पर चोरी का आरोप लगाया जाता है।

11, इस झूठे आरोप के सामने भी अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता'- यहाँ झूठा आरोप क्या है ?
उत्तर: तलाशी लेने पर राणा सा के कारिंदों को कलाम के घर से रणविजय की चीजें मिलती हैं और कलाम पर चोरी का आरोप लगया जाता है। इसे झूठा आरोप कहा गया है।

12, इस झूठे आरोप के सामने'- यहाँ आरोप को झूठा क्यों कहा गया है ?
उत्तर: कलाम के घर से मिली रणविजय की चीजें रणविजय से दी गई चीजें थीं। इसलिए यहाँ झूठा आरोप कहा गया है।

13, 'इस झूठे आरोप के सामने भी अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता' - यहाँ दोस्ती का प्रण क्या है ?
उत्तर: रणविजय अपनी चीजें कलाम को देते समय वादा करवाया था कि रणविजय से अपनी दोस्ती के संबंध में किसी से नहीं कहूँगा। इसे दोस्ती का प्रण क गया है।

14, रणविजय ने कलाम से दोस्ती के संबंध में नहीं कहने का कसम क्यों खिलाया था ?
उत्तर:रणविजय को निम्न जाति और गरीब परिवारों के बच्चों से दोस्ती बनाने की अनुमति नहीं
थी। इसलिए रणविजय ने कलाम से दोस्ती के संबंध में कसम खिलाया था। 38. कलाम को रणविजय की दोस्ती छिपाने से क्या कठिनाई होती है? रणविजय की दोस्ती छिपाने के कारण कलाम को रणविजय की चीज़ों की चोरी का इल्ज़ाम सहना पड़ता है।

HW

15, कलाम ने डॉक्टर कलाम के नाम पर एक पत्र लिखा। वह पत्र कल्पना करके लिखें।

16, कोष्ठक से उचित क्रिया रूप लेकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

(क) लड़का पाठ ....।(लिखेगा, लिखेगी)

(ख) बच्चे पाठ...............................।(पढेंगे, पढेगा)

(ग) लड़कियाँ साईकिल........................।(चलाएँगे, चलाएँगी)

(घ) रमा गीत ....।(गाएगा, गाएगी)

ക്ലാസ് കാണുന്നതിന്
[आई एम कलाम के बहाने]